# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 07 नवम्बर, 2023** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली नगर**

## लूटपाट करने वाले बदमाशों से स्वाट टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से लूटी गई नकदी, अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 06/07.11.2023 की रात्रि में स्वाट टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस ग्राम वलीपुरा बम्बे के पास मैन रोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी उसी समय 02 बाइक पर 06 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए जिनको रूकने का इशारा किया गया तो रुके नही बल्की बाइक को तेजी से लेकर भागने लगे। जिसपर पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर नहर के पास कच्चे रास्ते पर एक बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गयी। बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश इमरान गोली लगने से घायल हो गया जिसे उसके 01अन्य साथी के साथ गिरफ्तार किया गया अन्य 04 अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे जिनकी काम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1. इमरान पुत्र अल्लाबख्स निवासी ग्राम सारंगपुर थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई है जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा दूसरे बदमाश की पहचान 2. इरफान पुत्र असलम निवासी मौ0 कबूतर वाली पैठ थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। बदमाशों के कब्जे से लूटे गये 1700/- रुपये नकद, अवैध असलहा, कारतूस व स्पलेंडर बाइक बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे/अपराधी हैं। अभियुक्तो द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत नया गांव भट्टे के पास से दिनांक 27.10.2023 को एक बाइक सवार के साथ लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 930/23 धारा 392 भादवि पंजीकृत हैं तथा दिनांक 26.10.2023 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत एक बाइक सवार के साथ भी लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं 950/23 धारा 392 भादवि पंजीकृत हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1. इमरान पुत्र अल्लाबख्स निवासी ग्राम सारंगपुर थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
2. इरफान पुत्र असलम निवासी मौ0 कबूतर वाली पैठ थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1- लूटे गये 1700/- रुपये नकद,
2- 01 स्पलेंडर मोटरसाइकिल नं0-यूपी-13-बीवाई-7831
3- 02 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा, 01 खोखा कारतूस व 01 मिस कारतूस।

**अभियुक्त इमरान का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं-482/2019 धारा 393/465 भादवि थाना सरधना जनपद मेरठ।
2- मुअसं- 930/23 धारा 392 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं- 950/23 धारा 392 भादवि थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

**अभियुक्त इरफान का आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0-441/2018 धारा 147/148/149/302/307/506 भादवि थाना सरधना जनपद मेरठ।
2- मुअसं- 930/23 धारा 392 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं- 950/23 धारा 392 भादवि थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**-

1- श्री सुभाष सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।

2- उ0नि0 हरवीर सिंह, उ0नि0 सुभम चौधरी, उ0नि0 अंकित चौधरी व उ0नि0 दानिश रजा खान।

3- है0का0 संजीव बालियान, है0का0 कपिल, का0 सुधीर कुमार ।

**गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम-**

1. मौ0 असलम प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम ।
2. है0का0 मनोज दीक्षित, है0का0 अशोक यादव, है0का0 कपिल नैन, है0का0 नीरज त्यागी, है0का0 जितेश कुमार, है0का0 अशोक चौधरी, है0का0 प्रबली तोमर, है0का0 विशाल चौहान, है0का0 वसीम।











**मीडिया सेल बुलंदशहर**